दैनिक भास्कर

बजट में वेयरहाउसिंग और कृषि पर फोकस किया जाने की आवश्यकता: संदीप सभरवाल

भास्कर समाचार सेवा

नई दिल्ली। इस माह में केंद्रीय बजट 2024 प्रस्तुत किया जाना है, सभी उद्योगों सहित देश के लोगों में बजट पर उत्सुकता हैं। बजट पर सभी की अपेक्षाएं भी हैं। इसी क्रम में बजट अपेक्षाओं पर बताते हुए, सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के ग्रुप सीईओ संदीप सभरवाल ने कहा वेयरहाउसिंग और कृषि के लिए हम बजट पर एक दूरदर्शी और व्यापक दृष्टिकोण की आशा करते हैं जो ढांचागत सुधारों के माध्यम से संपूर्ण कृषि मूल्य श्रृंखला को कवर करता हो। इसके अलावा कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कौशल विकास एक प्रमुख फोकस का क्षेत्र होना चाहिए ताकि यह रोजगार के अवसरों का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बन सके। आगे संदीप सभरवाल कहते हैं कि इसे प्राप्त करने के लिए बजट में वेयरहाउसिंग उद्योग के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिससे व्यक्तियों को कौशल हासिल करने और नई तकनीक को अपनाने में सक्षम बनाया जा सके। निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने से जमीनी स्तर पर नये समाधान अपनाने में आसानी होगी। ऐसे मुख्य फोकस बिंदु निश्चित रूप से फसल क्षति को रोकने के लिए मौजूदा भंडारण सुविधाओं में प्रौद्योगिकी एकीकरण को मजबूत करने पर होना चाहिए। संदीप सभरवाल ग्रुप सीईओ, सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, ह्यइन प्रक्रियाओं के अलावा कृषि-वित्तीय संस्थानों को सस्ता ऋण उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि किसानों को समय पर ऋण मिल सके और खेत से कारखाने तक की पूरी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जा सके। इन सभी दृष्टिकोण को समग्र रूप से देखने की आवश्यकता है। क्योंकि ये सभी कारक आपस में अत्यधिक जुड़े हुए हैं। इससे कृषि तथा वेयरहाउसिंग को मजबूती मिलेगी।